**कार्यालय–न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**//सूचना पत्र//**

क्रमांक–क्यु/भ.स./2026 मुंगेली, दिनांक 03/11/2026

समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, जिला मुंगेली छ.ग. में सहायक ग्रेड–III के रिक्त 04 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन में निर्धारित प्रावधान के अनुसार संबंधित पदों की रिक्तियों की संख्या के बीस गुना अर्थात् कुल 80 अभ्यर्थियों को आगामी लिखित परीक्षा हेतु पात्र पाया गया है, जिनका लिखित परीक्षा **दिनांक 22.11.2026 दिन रविवार** स्थान जिला न्यायालय भवन मुंगेली, जिला मुंगेली छ.ग. में आयोजित किया जावेगा ।

सहायक ग्रेड–III के पदों हेतु लिखित परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों की मेरिट सूची अपलोड की जा रही हैं ।

प्रशासनिक अथवा अन्य अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण उक्त तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है। परीक्षा की तिथि में परिवर्तन करने का अधिकार माननीय न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, जिला मुंगेली छ.ग. के विवेकाधिकार में सुरक्षित रहेगा। अभ्यर्थी परीक्षा की उक्त तिथि में परिवर्तन के संबंध में किसी प्रकार का दावा अथवा आपत्ति प्रस्तुत नहीं कर सकेंगे।

उक्त परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र (Admit Card) न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड किए जा रहे हैं । प्रत्येक अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर उसमें अंकित परीक्षा केन्द्र, रोल नंबर एवं अन्य विवरण का सावधानीपूर्वक अवलोकन करें । प्रत्येक अभ्यर्थी उक्त प्रवेश पत्र का दो प्रति में प्रिंट निकालकर लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये निर्धारित स्थान पर अपना फोटो चस्पा कर उस पर अपना हस्ताक्षर कर पहचान पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति सहित लेकर आवश्यक रूप से उपस्थित रहेंगे । किसी भी अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा हेतु कोई सूचना/प्रवेश पत्र/बुलावा पत्र पृथक से प्रेषित नहीं किया जावेंगा ।

अभ्यर्थियों के नाम एवं रोल नंबर की सूची भी पृथक से वेबसाइट पर अपलोड की जा रही है, जिसका उपयोग अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र खोजने के लिए कर सकते हैं । प्रवेश–पत्र की PDF फाईल में अभ्यर्थी अपने पंजीयन क्रमांक, नाम (हिन्दी/अंग्रेजी) अथवा पिता के नाम से अपना प्रवेश–पत्र खोज सकते हैं ।

परीक्षा संबंधी विस्तृत महत्वपूर्ण निर्देश पृथक से वेबसाइट पर अपलोड किए जा रहे हैं। अभ्यर्थी उन निर्देशों का अनिवार्यतः अध्ययन करें तथा परीक्षा में सम्मिलित होने से पूर्व उनमें दिए गए समस्त निर्देशों एवं नियमों को भली–भांति समझ लें तथा परीक्षा के दौरान उनका पालन सुनिश्चित करें ।

03/11/26

अध्यक्ष
भर्ती समिति,
कार्यालय–न्यायाधीश, परिवार न्यायालय
जिला–मुंगेली (छ.ग.)